# प्रेस विज्ञप्ति

## वर्ष–2023 की आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में सूचना।

प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ से सम्बद्ध उत्तर प्रदेश में स्थित विभिन्न राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0/निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रम ग्रुपों में प्रवेश हेतु वर्ष–2023 की आनलाइन/सी0बी0टी0 प्रवेश परीक्षायें दिनांक 20 जून, 2023 से 30 जून, 2023 के मध्य आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में एन0आई0सी0 के पोर्टल **https://jeecup.admissions.nic.in** पर आनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। आवेदन की अन्तिम तिथि 15 मई, 2023 निर्धारित है।

व्यापक लोकहित में आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 15.05.2023 को बढ़ाते हुए 25.05.2023 निर्धारित की गई है। निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात आनलाइन आवेदन करना सम्भव नहीं होगा। प्रवेश परीक्षाओं की तिथि भी बढ़ायी/परिवर्तित की गई है, जिसकी सूचना शीघ्र ही परिषद की वेबसाइट व विभिन्न समाचार–पत्रों के माध्यम से प्रसारित करायी जायेगी।

प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित अन्य जानकारियाँ व नई परीक्षा तिथियों की सूचना परिषद की वेबसाइट **https://jeecup.admissions.nic.in** पर शीघ्र अपलोड कर दिया जायेगा।

( राम रतन )
सचिव

संख्या : 136 /संप्रपप/परी0अनु0–(विज्ञप्ति)/2023 दिनांक : 09 मई, 2023

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ
2. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर।
5. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0।
6. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
7. निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, लखनऊ को व्यापक प्रसार हेतु।
8. समस्त राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाएं, उ0प्र0।
9. सम्पादक, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, स्वतंत्र भारत, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, लखनऊ।

( राम रतन )
सचिव